RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

औनी-पौनी ही मिले, टीचर को तनख़्वाह।
आप वकालत कीजिए, पैसा बने अथाह।
पैसा बने अथाह, बड़ा बेचारा टीचर।
दुनिया भर के काम, ज़िंदगी मगर फटीचर।
कह साहिल कविराय, वकालत में फुल पैसा।
धन-यश दोनों मिलें, न धंधा कोई ऐसा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 82 | THURSDAY DATE 16-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा हटाई, केंद्र सरकार ने दी जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को बड़ी सुरक्षा राहत देते हुए जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, यह सुरक्षा दिल्ली व पंजाब दोनों जगह लागू होगी और अर्धसैनिक बल उनके सुरक्षा कवच का जिम्मा संभालेंगे। जानकारी के अनुसार, यह फैसला इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का आकलन करने के बाद यह कदम उठाया है। पंजाब की 'आप' सरकार ने राघव चड्ढा की राज्यस्तरीय सुरक्षा वापस ले ली थी। इससे पहले, जब वह पंजाब से राज्यसभा सदस्य चुने गए थे, तब उन्हें राज्य सरकार की ओर से उच्च स्तर की जेड प्लस सुरक्षा दी गई थी। पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी नेतृत्व के बीच तनाव खुलकर सामने आया है। यह विवाद उस वक्त और बढ़ गया, जब पार्टी ने 2 अप्रैल को उन्हें राज्यसभा में उपनेता पद से हटा दिया।



## अंग, बंग और कलिंग तीनों जगहों पर कमल का फूल खिल जाएगा: शाह

**» कोलकाता, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के फालाकाटा में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्रिपुरा, असम, और बिहार में कमल की सरकार है, यहां पर भी कमल की सरकार बना दो, घुसपैठियों को घुसने नहीं देंगे।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त किया, अनुच्छेद 370 हटाया, अयोध्या में राम मंदिर बनाया, नक्सलवाद को समाप्त किया, और बंगाल से एक-एक घुसपैठिए को बाहर भाजपा सरकार ही निकालेगी।



तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, 'ममता दीदी, हम भाजपा वाले तुम्हारे हमलों से नहीं डरते हैं। मैं आज कहकर जाता हूं, इस चुनाव में ममता बनर्जी का कोई गुंडा आपको हाथ नहीं लगा पाएगा। ममता के गुंडों, सुन लो... 5 मई के बाद यहां भाजपा सरकार बनने वाली है। 23 अप्रैल को घर में ही रहना वरना 5 मई के बाद हम आपको सीधा करेंगे।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में सालों तक टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ ज्यादती करते रहे, लेकिन ममता बनर्जी ने एक शब्द भी नहीं कहा। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज, आरजी कर और कोलकाता लॉ कॉलेज में महिलाओं पर अत्याचार हुए, लेकिन ममता दीदी टस से मस नहीं हुईं। उन्हें शर्म आनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने ही कहा था कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। मैं माताओं-बहनों से कहकर जाता हूं कि 5 मई के बाद आप लोग रात 2 बजे के बाद भी घर से बाहर निकलेंगी तो भी कोई कुछ नहीं बोलेगा।

उन्होंने कहा कि पूरे बंगाल में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में वर्षों तक टीएमसी के घुसपैठिए दुष्कर्म करते रहे, ममता बनर्जी कुछ नहीं बोलीं।

**संक्षिप्त**

**ताजा खबरें**

## महिला आरक्षण विधेयक का हमारी पार्टी स्वागत करती है : मायावती

**लखनऊ, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब, जिस खास मकसद से मैंने मीडिया को बुलाया है, वह महिला आरक्षण बिल का बहुत जरूरी मामला है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार से संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया है। मायावती ने कहा कि इस बारे में हमारी पार्टी का कहना है कि देश में जैसे बहुजन समाज खासकर एसी, एसटी, और ओबीसी समाज के हितों और भलाई पर चर्चा होती है, वैसे ही महिला सशक्तीकरण पर भी बहुत चर्चा होती है। गंभीर पॉलिसी और मजबूत इच्छाशक्ति की कमी के कारण इसे कभी भी ईमानदारी और सही तरीके से लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कमजोर तबकों की तरह ही महिलाओं पर भी जुल्म, शोषण और जुल्म लगातार जारी हैं। शर्मनाक घटनाएं अभी भी नहीं रुक रही हैं। इसीलिए हमारी पार्टी बसपा लगातार देश में सभी समुदायों की महिलाओं को उनकी आबादी के हिसाब से 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग करती रही है।



## पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर लगी रोक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मामला असम सरकार द्वारा पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज करवाए गए एफआईआर में तेलंगाना हाईकोर्ट से मिले ट्रांजिट अग्रिम जमानत से जुड़ा हुआ है, जिस पर अब देश की सर्वोच्च अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए रोक लगा दी है। दरअसल, यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए, जिसको लेकर असम में खेडा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



# मोदी ने विकसित भारत 2047 के लिए पेश किये नौ संकल्प

कहा- जनता को संभालनी होगी कमान

**» बेंगलुरु, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत के लिए नौ संकल्प' लेने का अनुरोध किया और कहा कि यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित भारत 2047 बनाने की यात्रा में तेजी ला सकते हैं। प्रधानमंत्री ने मांड्या जिले के आदिचुंचनगिरी मठ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्रीय सीमाओं से परे है और सामूहिक भागीदारी एवं जीवनशैली में बदलाव के लिए राष्ट्रव्यापी आ'ान का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की व्यक्तिगत आदतें और दैनिक विकल्प देश के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा, 'यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की ओर प्रगति को तेज कर सकते हैं।'



विकास को केवल सरकार संचालित प्रयास के बजाय जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि परिवर्तन की शुरूआत रोजमर्रा के व्यवहार के स्तर से होनी चाहिए। उन्होंने नदी प्रणालियों पर निर्भर क्षेत्रों में जल संरक्षण को प्रमुख प्राथमिकता बताया, और नागरिकों से सामूहिक प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब जल संरक्षण और इसके बेहतर प्रबंधन का संकल्प लें।'

पर्यावरण स्थिरता पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आ'ान किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाएं और धरती मां की रक्षा करें।' स्वच्छता को नागरिक कर्तव्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों में साफ-सफाई बनाये रखना साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'चाहे वह धार्मिक स्थल हो, सार्वजनिक स्थान हो, गांव हो या शहर, स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।' आर्थिक आत्मनिर्भरता के संबंध में, प्रधानमंत्री ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योगों को समर्थन देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को आर्थिक सशक्तीकरण के आधार बताते हुए कहा, 'आइए, हम भारतीय उत्पादों को अपनाएं और अपने उद्योगों को मजबूत करें।' उन्होंने राष्ट्रीय जागरूकता और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देते हुए नागरिकों से देश भर में यात्रा करने और इसकी विविधता को जानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम पूरे भारत की यात्रा करें और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दें।' उन्होंने आगे कहा कि लोगों के बीच बेहतर जुड़ाव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को गति देगा।

## 4 मई को बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय : अनुराग ठाकुर

**» कोलकाता, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

जैसे-जैसे पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक बयानबाजी तेज हो रही है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ गई है और दावा किया कि वहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि राजनीतिक बदलाव तय है, और कहा, '4 मई आएगी, ममता बनर्जी जाएंगी।' पत्रकारों से बात करते हुए, ठाकुर ने राज्य सरकार पर अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने और तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'ममता बनर्जी के शासन की पहचान बांग्लादेशी घुसपैठियों, नकली नोटों के रैकेट और फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल लोगों को संरक्षण देने वाली बन गई है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आरोपियों को बचाने के बारे में भी है।' उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए बनाए गए रोजगार के अवसर दूसरे लोगों को दिए जा रहे हैं। ठाकुर ने कहा, 'राज्य के अपने नागरिकों की कीमत पर घुसपैठियों को नौकरियां दी जा रही हैं।'



## टेबल टेनिस सिर्फ गति नहीं, धैर्य और संतुलन का खेल: धामी

**» देहरादून, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून में उत्तराखण्ड टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 87वां इंटर-स्टेट जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, 'यह अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी एक नई पहचान बनाने का अवसर है। टेबल टेनिस एक ऐसा खेल है जिसमें न केवल गति बल्कि संतुलन की भी आवश्यकता होती है। इस संतुलन को तकनीक, प्रौद्योगिकी, धैर्य, कौशल और मजबूत मानसिक शक्ति के साथ बनाए रखना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि नेशनल टेबल टेनिस की चैंपियनशिप हो रही है। मैं सभी प्रतिभागियों को बहुत बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूं। टेबल टेनिस संघ महासंघ का भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे राज्य को इसकी मेजबानी का अवसर दिया है और हमारा राज्य अब खेलों की दृष्टि से और खेलों की मेजबानी की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान बन रहा है।

## किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं: योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने इसे महज एक औद्योगिक उपलब्धि से अधिक राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों की यह यात्रा 'टाटा के ट्रस्ट' और उत्तर प्रदेश की बदलती कार्यसंस्कृति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व निवेश अनुकूल माहौल का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने केवल औद्योगिक उपलब्धियों की बात नहीं की, बल्कि कार्यसंस्कृति के मूल मंत्र को भी प्रमुखता से सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार



टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है। हर कार्मिक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव लंबे समय में व्यक्तिगत और संस्थागत प्रगति सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए बाहरी हस्तक्षेप से बचना बेहद आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि 'बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं', इसलिए हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे, उसकी एकता और विश्वास को बनाए रखे तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए, कृतज्ञता का भाव आवश्यक है। यह समझना जरूरी है कि किस समूह के कारण हम आगे बढ़ रहे हैं और जो देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है।

हर कार्मिक को टीमवर्क, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक सफलता का आधार बनता है। किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के कर्मी की उंगली कटी

**खोड़ा, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के ज्ञानखंड निवासी मनीष राणा एनएच-9 पर सड़क हादसे में घायल हो गए। वह दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं और खोड़ा क्षेत्र में घटना हुई। आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लेने से उनकी बाइक उससे टकरा गई। हादसे में बाइक के नीचे हाथ फंसने से दाहिने हाथ की एक उंगली आगे से कट गई तो दूसरी की हड्डी टूट गई। डायल 112 पर उन्होंने हादसे की सूचना दी तो उनको पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामला 6 अप्रैल का है और पीड़ित ने अज्ञात कार चालक पर 13 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### हिंडन में जाएगा शोधित पानी, एसटीपी हुआ शुरू

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** करेहड़ा क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के शुरू हो गया है। एसटीपी से क्षेत्र के 10 वार्डों को जोड़ दिया है और जिले के 50 वार्डों को भी जल्द ही चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा। एसटीपी के संचालन से शोधित पानी को सीधे हिंडन नदी में डाला जाएगा। इससे पहले गंदा पानी नदी में बहाया जाता था और वह प्रदूषण बढ़ाता था। नई व्यवस्था लागू होने से नदी के पानी सुधार आने की उम्मीद है। जल निगम के अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य न केवल सीवेज का शोधन करना है, बल्कि शोधित पानी का पुनः उपयोग भी सुनिश्चित करना है।

### जनगणना ड्यूटी कार्यक्षेत्र के नजदीक लगाने की मांग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना के लिए कार्य और निवास स्थल के नजदीक लगाए जाने की मांग की है। महासचिव डॉ. अनुज त्यागी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्य क्षेत्र से दूर लगाई जा रही है। कहा कि भोजपुर और मुरादनगर में तैनात शिक्षकों की ड्यूटी खोड़ा और लोनी में लगाई जा रही है। इससे विद्यालयों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। पूर्व में भी एसआईआर में ड्यूटी दूर लगने की वजह से पठन-पाठन प्रभावित हुआ था।

# रेखा गुप्ता से मिलीं मिताली राज, पूर्व कप्तान ने 'नारी शक्ति वंदन' को जरूरी कदम बताया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने तिरुपति में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने के बाद 'नारी शक्ति वंदन' पहल की तरक्की की तारीफ की है और इसे सबको साथ लेकर चलने की दिशा में एक जरूरी कदम बताया है। मिताली राज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, 'आपके अच्छे शब्दों के लिए शुक्रिया, मैम। तिरुपति में आपसे बात करके अच्छा लगा। नारी शक्ति वंदन के आसपास हुई तरक्की सच में हिम्मत बढ़ाने वाली है, और यह हमारे लोकतंत्र में ज्यादा प्रतिनिधित्व और सबको साथ लेकर चलने की तरक्की की दिशा में एक जरूरी कदम है।' दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व में इस पहल के लिए मिताली राज के समर्थन की तारीफ की थी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा था, '16-18 अप्रैल का समय देश के लिए एक अहम पल होगा। तिरुपति में महान क्रिकेटर और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान, मिताली राज के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। 'नारी शक्ति वंदन' के लिए उनका समर्थन एक बड़े राष्ट्रीय सोच नेशनल मूड को दिखाता है, जहां महिलाएं उपलब्धियों से नेतृत्व की ओर बढ़ रही हैं। संसद में महिलाओं का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को नई गहराई देगा।'

रेखा गुप्ता और मिताली राज की यह बातचीत गुरुवार को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होने वाली चर्चा से पहले हुई है। चर्चा के आधार पर सितंबर 2023 में पास हुए महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित बदलावों पर विचार और बाद में पास होने की उम्मीद है। इस कानून में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। मिताली राज की बात करें तो क्रिकेट से संन्यास के बाद वह कमेंट्री और क्रिकेट से जुड़ी गतिविधियों में व्यस्त रहती हैं। मिताली आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन में महिला क्रिकेट ऑपरेशंस की कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। पिछले साल वनडे विश्व कप 2025 के दौरान मिताली राज के नाम पर एक स्टैंड का उद्घाटन किया गया था।

## आंध्र प्रदेश में एक घर में धमाके से पांच लोगों की मौत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

पुलिस ने बताया कि बुधवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में एक घर में हुए धमाके में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। यह घटना कडिरी मंडल के कुम्मरावंदला पल्ली गांव में हुई। एक मजदूर के घर में रखे डेटोनेटर और गैस सिलेंडरों में धमाका हो गया, जिससे पूरा घर ढह गया। इस जोरदार धमाके में आस-पास के कुछ घरों को भी नुकसान पहुंचा।

धमाके में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। घायलों को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्त करने के लिए महिलाओं को सशक्त करना अनिवार्य : रेणु भाटिया




अधिनियम का स्वागत करते हुए नारी शक्ति वंदन संकल्प यात्रा का आयोजन

» हरियाणा, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को नारी शक्ति वंदन संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही जबकि जिला अध्यक्ष ने अध्यक्षता की। आजाद नगर स्थित गोदारा पेट्रोल पंप से संत कबीर छात्रावास तक निकाली इस पद यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेणु भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देने का निर्णय लेकर ऐतिहासिक कार्य किया है। पहले महिलाओं को चूल्हे चौके तक सीमित समझा जाता था लेकिन मोदी सरकार ने महिलाओं की भागीदारी की अहमियत समझे और उन्हें उनके अधिकार देते हुए यह अधिनियम लागू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि यह अधिनियम लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्त करने के लिए देश की आधी आबादी महिलाओं को सशक्त करना अनिवार्य है। इसी दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया एक ऐसा क्रांतिकारी कदम है, जिसने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में महिलाओं के लिए स्वर्णिम द्वार खोल दिए हैं।

# उचित पोषण व शुद्ध पेयजल अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाता है: डॉ. शगुन

» **निर्मल सिंह**




पानीपत, यु-टर्न 15 अप्रैल। ग्राम पंचायत निजामपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता व बच्चों का शारीरिक पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जिला सलाहकार डॉ. सतविंदर टाया ने शिरकत की।

डॉ. सतविंदर टाया ने अपने संबोधन में बताया कि सरकार का उद्देश्य पोषण पखवाड़े के अंतर्गत महिलाओं व बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। हेल्थ डिपार्टमेंट से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शगुन ने उपस्थित महिलाओं व बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा अच्छा स्वास्थ्य हमारे अच्छे खान-पान पर ही निर्भर करता है इसके लिए हमें अपने खाने-पीने की चीजों पर ध्यान देना होगा और हमें पौष्टिक आहार अपनाना होगा। स्वास्थ्य विभाग से एमपीएचडब्ल्यू सुनीता ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को समय पर उनके बच्चों की वैक्सीनेशन करने संबंधित जानकारी दी।

जन स्वास्थ्य विभाग से बीआरसी रोशन लाल ने कार्यक्रम में जल संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि पोषण के साथ-साथ स्वच्छ पानी भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना हमारा खानपान अतः हमें अपना खान-पान के साथ-साथ पानी को भी स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है। गंदे पानी की वजह से हम 80 प्रतिशत बीमारियों का शिकार होते हैं अगर हमारा पानी स्वच्छ होगा तो हमें बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम ने बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता को हरी सब्जियां फल व पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित्रा, आशा वर्कर सुमन, ज्योति, नीलम, पूनम आदि उपस्थित रही।

## रुपयों के लेनदेन के विवाद में ट्रांसपोर्टर ने दी जान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** एनआईटी नंबर-2 निवासी ट्रांसपोर्टर चंद्र प्रकाश सेठी (42) ने रुपयों के लेनदेन और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। जहरीला पदार्थ खाने से पहले मृतक ने चार मिनट का वीडियो बनाया, जिसमें 8 लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया। कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर सौरव भाटिया, ओमकार भाटिया, अजय अरोड़ा, धर्मेंद्र कुमार, मनीष गोयल, हीना अरोड़ा, गौरव झा और रवि अरोड़ा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। चंद्र प्रकाश सेठी ने रविवार को रोज गार्डन में जहरीला पदार्थ खाया था। उन्होंने इससे पहले वीडियो रिकॉर्ड किया। इसमें उन्होंने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि वह आर्थिक तंगी और आरोपियों द्वारा दी जा रही धमकियों से टूट चुके हैं। उन्होंने वीडियो में उन सभी लोगों के नाम लिए हैं जो उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे। उन्होंने इसके बाद बनाया गया वीडियो परिजनों को भेजा। जब परिजन मौके पर पहुंचते तो वह अचेत अवस्था में मिले।

# गौतमबुद्धनगर में पुलिस का फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई गई सतर्कता

» **नोएडा, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

गौतमबुद्धनगर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस आयुक्त (कानून/व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में बुधवार को जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च और फुट पेट्रोलिंग की गई।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने का प्रयास किया। 15 अप्रैल 2026 को चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमों ने कई प्रमुख और संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त की।

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति शांति भंग करने, अराजकता फैलाने या अफवाहों के जरिए माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पीसीआर और पीआरवी वाहनों को लगातार सक्रिय और भ्रमणशील रखने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया दी जा सके।



फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा, वहीं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में थाना फेस-1 क्षेत्र में एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने स्थानीय पुलिस बल और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से फुट पेट्रोलिंग की। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था को बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बापौली में 'आत्मन ऐप' हेतु नोडल टीचर वर्कशॉप का आयोजन


» पानीपत, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बापौली में 'आत्मन ऐप' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बापौली ब्लॉक के सभी विद्यालयों के नोडल टीचरों की एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान राकेश बौरा, जिला नोडल ऑफिसर रणदीप, बीईओ श्रीमान सितेंद्र ब्लॉक नोडल ऑफिसर सोनू तथा आत्मन से जिला



कोऑर्डिनेटर साहिल के नेतृत्व में वर्कशॉप आयोजित की गई। सभी अधिकारियों ने आत्मन ऐप के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वर्कशॉप के दौरान नोडल टीचरों को आत्मन ऐप पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समझाई गई तथा ऐप के विभिन्न फीचर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रिंसिपल श्रीमान राजेंद्र जी ने बताया कि यह ऐप विद्यार्थियों के परीक्षा तनाव (एग्जाम स्ट्रेस) और एंजायटी (अल्ल७ी३८) को कम करने में सहायक सिद्ध होगा। ऐप में उपलब्ध वीडियो, मार्गदर्शन एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षाएं दे सकें। सभी विद्यालयों के स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे विद्यार्थियों को आत्मन ऐप के प्रति जागरूक करें तथा नियमित रूप से उन्हें ऐप पर उपलब्ध वीडियो दिखाएं, जिससे विद्यार्थियों का तनाव कम हो और वे बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ।

# आधुनिक लेजर तकनीक से कान का सफल ऑपरेशन, डॉ. ऋषिपाल गुप्ता की विशेषज्ञता से मरीज को मिली राहत





» अश्विनी वालिया

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** अग्रवाल हॉस्पिटल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषिपाल गुप्ता द्वारा आधुनिक लेजर तकनीक और माइक्रोस्कोपी की सहायता से कान का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। लंबे समय से कान की गंभीर समस्या से जूझ रहे मरीज का यह ऑपरेशन अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहद सावधानी और कुशलता के साथ किया गया, जिसके बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ बताया जा रहा है। डॉ. ऋषिपाल गुप्ता ने बताया कि मरीज को काफी समय से कान में तकलीफ थी, जिसके उपचार के लिए आधुनिक लेजर तकनीक और माइक्रोस्कोपिक सर्जरी का सहारा लिया गया। ऑपरेशन के दौरान विशेष सावधानी बरतते हुए पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कान, नाक और गले की जटिल बीमारियों का इलाज पहले से अधिक सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संभव हो गया है।

मरीज के अभिभावकों ने बताया कि डॉ. ऋषिपाल गुप्ता का वर्षों का अनुभव, उनकी सादगी, सेवा भावना और चिकित्सा क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट विशेषज्ञता क्षेत्र के लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ ऑपरेशन किया और हर समय मरीज की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया।

अभिभावकों ने अग्रवाल हॉस्पिटल और विशेष रूप से ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषिपाल गुप्ता का दिल से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कुशलता और समर्पण की वजह से मरीज को नई जिंदगी और राहत मिली है। क्षेत्रवासियों का भी मानना है कि डॉ. गुप्ता अपनी मेहनत, अनुभव और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से लगातार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे समाज में उनका सम्मान और विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।



## सैनी सरकार के फैसलों से हरियाणा प्रगति की नई ऊंचाइयों पर : दिनेश नागपाल

» **हरियाणा, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

जिला नूंह के जिला अध्यक्ष लंबरदार एवं भाजपा जिला सचिव अधिवक्ता दिनेश नागपाल ने हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा ने विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। दिनेश नागपाल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हरियाणा का प्रत्येक जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है, जिससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है बल्कि व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं। मजबूत सड़क नेटवर्क ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का निर्णय आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। भाजपा नेता दिनेश नागपाल ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही लाडो लक्ष्मी योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिन महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है, उन्हें सरकार द्वारा 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व सरल, पारदर्शी और जनकल्याण को समर्पित है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार कर रहा है और आने वाले समय में प्रदेश विकास का नया मॉडल बनेगा।

# न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी को लेकर पानीपत स्पिनिंग मिल मजदूरों का प्रदर्शन , 16 अप्रैल को

औद्योगिक नगरी में मजदूरों की मुख्य समस्या : घरेलू सलेंडर महंगें, आवास महंगा, परिवहन महंगा , किरयाने का सामान मंहगा

» निर्मल सिंह



पानीपत, यु-टर्न 15 अप्रैल। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू से संबंधित इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन पानीपत के नेतृत्व में न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने हाली पार्क पानीपत में मजदूर सभा की बैठक आयोजित करते हुए निर्णय लिया कि वे कल 16 अप्रैल को सभी मजदूर एकजुट होकर जिला उपायुक्त कार्यालय पानीपत पर रोष स्वरूप विशाल प्रदर्शन करेंगे । बैठक की अध्यक्षता इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन पानीपत के प्रधान जय भगवान ने की। मंच का संचालन यूनियन के कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा ने किया।

स्पिनिंग मिल मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू राज्य सचिव कामरेड सुनील दत्त ने कहा , कि उद्योगों के अंदर कानून का राज नहीं जंगल का राज चलता है। सभी फैक्ट्री मालिक श्रम कानून की उल्लंघना करते हुए मजदूरों की लूट और शोषण भयंकर रूप से कर रहे हैं। मजदूरों को सभी श्रम कानून से वंचित कर रखा है। काले कानून (चार लेबर कोड ) के नोटिफिकेशन होने के बाद शोषण और तेजी से बड़ा है। देश और राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली सरकारें पूंजीपति उद्योगपतियों की लूट जारी रखने के लिए ही मजदूरों के खिलाफ काले कानून बना रही है। महंगाई बड़ी तेजी से बढ़ रही है।

सीटू मजदूर यूनियन हरियाणा सरकार से लंबे समय से महंगाई को देखते हुए 30000 न्यूनतम मासिक वेतन की मांग कर रही है। पिछले 10 वर्षों से मजदूरों के न्यूनतम वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही थी। मजदूर आंदोलन के संघर्ष के बाद सरकार ने न्यूनतम वेतन एडवाइजरी बोर्ड कमेटी का गठन किया, जिसकी पांच बैठकें हुई और सबसे आखिरी बैठक 29 दिसंबर 2025 को पानीपत में सरकार की तरफ से जॉइंट लेबर कमिश्नर हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में न्यूनतम वेतन एडवाइजरी बोर्ड की बैठक कर त्रिपक्षीय कमेटी के बाद रुपये 23192 / रुपए की सिफारिश सरकार से की गई , लेकिन फैक्ट्री मालिकों के दबाव में मुख्यमंत्री न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी करते हुए 4 अप्रैल 2026 को नोटिफिकेशन जारी किया है उसके अनुसार 8 घंटे का न्यूनतम वेतन कैटिगरी वाइज अकुशल की श्रेणी में आने वाले मजदूर को मासिक वेतन 15220 रुपए 41 पैसे, प्रतिदिन का वेतन 585 .41 पैसे, अर्धकुशल श्रेणी के मजदूरों का मासिक वेतन 16780 रुपए 74 पैसे, प्रतिदिन का वेतन 645 .41 पैसे, कुशल श्रेणी के मजदूर का मासिक वेतन 18500 रुपए 81 पैसे, प्रतिदिन का वेतन 711 . 56 पैसे, अर्ध कुशल श्रेणी के मजदूर का वेतन 19425 रुपए 85 पैसे, प्रतिदिन का वेतन 747. 14 पैसे मिलेगा।

# 1 लाख करोड़ रुपए के अर्बन फंड से बाजार आधारित फाइनेंसिंग के जरिए निवेश में चार गुना होगी वृद्धिः मनोहर लाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) और क्रेडिट रिपेमेंट गारंटी सब-स्कीम (सीआरजीएसएस) की गाइडलाइंस लॉन्च कीं। उन्होंने कहा कि 1 लाख करोड़ रुपए का यह फंड बाजार आधारित फाइनेंसिंग के जरिए करीब चार गुना निवेश जुटाने के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह फंड भारत के शहरी विकास के तरीके में बड़ा बदलाव लाएगा। इसका मकसद सरकारी फंड का उपयोग करके बड़े स्तर पर निवेश आकर्षित करना और शहरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के शहर तेजी से आर्थिक विकास, इनोवेशन और रोजगार के केंद्र बन रहे हैं, ऐसे में 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए बेहतर शहरी योजना, फाइनेंसिंग और गवर्नेंस जरूरी है। मंत्री ने कहा कि एएमआरयूटी, स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटीज मिशन जैसे कार्यक्रमों ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, लेकिन अब अगले चरण में शहरों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और निवेश के लिए तैयार होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 1 लाख करोड़ रुपए के इस फंड में केंद्र सरकार की सहायता प्रोजेक्ट लागत के 25 प्रतिशत तक ही सीमित रहेगी..

# प्रवीण खंडेलवाल ने 'नारी शक्ति वंदन यात्रा' में लिया हिस्सा , बिल को बताया ऐतिहासिक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ, चांदनी चौक के टाउन हॉल इलाके से ऐतिहासिक लाल किले तक 'नारी शक्ति वंदन यात्रा' में हिस्सा लिया।

यह सब संसद के एक विशेष सत्र से पहले हो रहा है, जो 16 अप्रैल से शुरू होने वाला है। इस सत्र के दौरान, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' में संशोधनों और एक प्रस्तावित परिसीमन विधेयक पर चर्चा होने की उम्मीद है, ताकि संसद में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की जा सके। आईएएनएस से बात करते हुए, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, 'यहां बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के विजन को दिखाती है, और इसी दिशा में, संसद में 'महिला आरक्षण विधेयक' पेश किया जाएगा।'

इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों से पारित करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, 'इस 'नारी शक्ति वंदन यात्रा' के माध्यम से, पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में खड़ा है कि यह 'महिला आरक्षण विधेयक' पारित होना चाहिए। न केवल राजनीति में, बल्कि इस विधेयक के लाभ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी देखने को मिलेंगे, और उन पेशों में भी जहां महिलाएं असाधारण रूप से काम कर रही हैं।'

इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली एक महिला ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह 'देश की ताकत' है। उन्होंने कहा, 'आज महिलाएं आत्मनिर्भर हैं।

# स्व-गणना का कार्य आज से शुरू, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से जनगणना करवाने हेतु सभी तैयारियां पूर्णः एसडीएम राजेश खोथ

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 15 अप्रैल। एसडीएम एवं जिला जनगणना नोडल अधिकारी राजेश खोथ ने बताया कि जिले में जनगणना के तहत स्व-गणना का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हांसी जिले को पांच भागों में विभाजित किया गया है। इनमें नगर परिषद क्षेत्र हांसी, नगर पालिका क्षेत्र नारनौंद, तहसील हांसी, तहसील नारनौंद तथा तहसील बास शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक-एक इंचार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो जनगणना कार्य की निगरानी करेंगे। एसडीएम ने बताया कि पूरे जिले



में कुल 970 प्रगणन ब्लॉक बनाए गए हैं तथा प्रत्येक छह प्रगणन ब्लॉकों पर एक सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है, ताकि कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जनगणना से संबंधित सभी प्रचार सामग्री भी जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त कर ली गई है।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने अपने कार्यालय में एसडी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश गुप्ता को जनगणना ऑफ इंडिया की पुस्तिका भेंट की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान दे सकें। जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया जाएगा.

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पूर्वी दिल्ली में खुल रहे देश के नए रास्ते, एक्सप्रेसवे नेटवर्क ने दी तेज रफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

अगर आप राजधानी के पूर्वी दिल्ली इलाके में रहते हैं तो वक्त आपके मुस्कराने का है। कभी ट्रैफिक जाम से कराहता यह इलाका कई नए हाईस्पीड कॉरिडोर से जुड़ते ही नई उड़ान भरने लगा रहा है। दिल्ली-देहरादून से लेकर दिल्ली-मुंबई तक बड़े एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी से इस इलाके की आवाजाही आसान होने जा रही है। एक्सप्रेसवे के इस नेटवर्क ने पूरे क्षेत्र को नई पहचान देने के साथ विकास की संभावनाओं के नए दरवाजे भी खोले हैं।

वर्तमान में यमुनापार के लोगों को सीधे और परोक्ष रूप से देश के कई बड़े एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी मिल रही है। इनमें दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और जल्द ही जुड़ने वाला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे शामिल है। डीएनडी फ्लाईवे जैसे अहम लिंक इस पूरे नेटवर्क को आपस में जोड़ने का काम करते हैं।

सबसे बड़ा बदलाव दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से आया है। अक्षरधाम से शुरू होकर यमुनापार को सीधे उत्तराखंड से जोड़ता है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने पश्चिमी यूपी तक पहुंच तेज की है जबकि यमुना एक्सप्रेसवे ने आगरा और उससे आगे का सफर आसान कर दिया है। आने वाले समय में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे भी निर्माणाधीन फेज-3 के बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर से नोएडा लिंक रोड से जुड़ जाएगा।



इससे हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की आवाजाही बेहतर होगी। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे भारी ट्रैफिक को शहर से बाहर डायवर्ट कर इस पूरे नेटवर्क को संतुलित करता है। कनेक्टिविटी के लिहाज से अब यमुनापार राजधानी का दूसरा किनारा नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों को जोड़ने वाला अहम द्वार बन चुका है।

## यमुनापार को संतुलित विकास से जोड़ना जरूरी...

यमुनापार लंबे समय से दिल्ली के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में रहा है। सीलमपुर, मौजपुर, लक्ष्मी नगर, शाहदरा, मयूर विहार समेत आसपास के क्षेत्रों में बड़ी आबादी रहती है। इसके अनुपात में यहां बुनियादी ढांचे का विस्तार वर्षों तक सीमित रहा। यहां के लाखों लोग रोजाना रोजगार के लिए मध्य और दक्षिणी दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के अन्य हिस्सों की ओर जाते हैं, जिससे आईटीओ, अक्षरधाम और सराय काले खां जैसे इलाके लगातार जाम के हॉटस्पॉट बने रहे। पर्याप्त सड़क कनेक्टिविटी का अभाव भी लंबे समय तक महसूस किया गया।

दूसरी ओर, जब नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के केंद्र बन रहे थे, तब यमुनापार को भी उसी स्तर की कनेक्टिविटी देना जरूरी हो गया था, ताकि यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से पीछे न रह जाए। ऐसे में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का विस्तार केवल सुविधा नहीं, बल्कि यमुनापार को संतुलित विकास से जोड़ने की अनिवार्य जरूरत बन गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएच-9 पर दूसरे दिन भी तैनात रहा पुलिस बल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** नोएडा में 13 अप्रैल को प्रदर्शन के बाद भड़की हिंसा के बाद 14 अप्रैल को भी सुरक्षा के लिहाज से एनएच-9 पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस दौरान डीसीपी सिटी धवल जयसवाल और एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव समेत जिले के अन्य पुलिस अधिकारी खुद मुस्तैद रहे। वहीं, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजकरन नैय्यर ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इसके अलावा छिजारसी कट, नोएडा सेक्टर-62 और खोड़ा में भी अफसर निरीक्षण करने पहुंचे। सोमवार को वेतन वृद्धि को लेकर नोएडा स्थित फैक्टरी के श्रमिकों ने प्रदर्शन के बाद आगजनी और पथराव कर दिया था। नोएडा सेक्टर-62 पर उग्र भीड़ ने दिल्ली मार्ग को जाम कर दिया था। इसकी वजह से यातायात व्यवस्था कई घंटे ठप रही। भीषण जाम और वाहनों की लंबी कतारें हाइवे पर लगी थीं।

### विवाद में कहासुनी के बाद धमकी देने का आरोप, कार भी तोड़ी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के शक्तिखंड चार निवासी सार्थक सिंह ने आशुतोष राणा पर धमकी देने और कार तोड़ने का आरोप लगाया है। विवाद 11 अप्रैल को आपसी कहासुनी के बाद शुरू हुआ था। पुलिस ने मामला 14 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में सार्थक सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को वह निशांत से मिलने उनके घर गए थे। वहां उनकी मुलाकात आशुतोष राणा से हुई तो उनकी उससे कहासुनी हो गई लेकिन लोगों ने समझाकर घर भेज दिया। आरोप है कि जब वह निशांत के घर से निकले तो करीब 10 मिनट बाद आरोपी ने उन्हें फोन किया और जान से मारने की धमकी दी।

# डासना गमी में जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** धौलाना में बरात की बस पलटने से डासना के पांच लोगों की मौत के बाद मृतक मुन्ना की पडोसी बुजुर्ग महिला मोमदा की सोमवार की रात प्राकृतिक मौत हो गई। मुन्ना और बुजुर्ग मामी की गमी में शामिल होने आ रही महिला की मंगलवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए। सिहानी गेट पुलिस ने शव का मेडिकल परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब सात बजे सिहानी गेट थाने के सामने ओवरब्रिज पर बाइक सवार दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल रहीसुद्दीन ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं और नजमा (35) उनकी पत्नी है। डासना में नजमा की मामी मोमदा रहती थीं। बुजुर्ग का सोमवार रात इंतकाल हो गया था। उन्होंने बताया मोमदा के पडोसी मुन्ना की धौलाना सड़क हादसे में मौत हो गई। नजमा और रहीसुद्दीन दोनों की गमी में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। तहरीर मिलने पर वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# ओडिशा में पत्नी की हत्या का प्रयास, घर लौटने पर दहेज के लिए हत्या का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के पटेलनगर निवासी मीनू माथुर को पति ओडिशा स्थित भगवान जगन्नाथ के दर्शन के बहाने से ले गया और हत्या का प्रयास किया। वहां नाकाम होने पर यात्रा से रात को एक बजे घर लौटकर मीनू को जहरीला पदार्थ खिला दिया। पीड़ित भाई सतीश ने मीनू के पति प्रशांत गोयल, ससुर पवन और सास के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि पटेल नगर निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन मीनू माथुर की शादी दो माह पूर्व प्रशांत गोयल उर्फ दीपांशु निवासी ब्रह्मपुरी घूकना नंदग्राम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही मीनू से व्यापार बढ़ाने के लिए पति ने पांच लाख की मांग कर दी। आरोप है कि नौ अप्रैल को प्रशांत गोयल भगवान जगन्नाथ के दर्शन कराने मीनू को ओडिशा ले गया था और जहरीला पदार्थ देकर हत्या का प्रयास किया। आरोप है कि ओडिशा से दोनों 11 अप्रैल की रात एक बजे लौटें तो पति ने उनकी बहन को जहरीला पदार्थ दे दिया। घंटों बाद प्रशांत गोयल ने उनकी बहन को फोन पर मीनू की मौत होने की सूचना दी। सतीश बहन के घर पहुंचे और उनको मरियम और उसके बाद यशोदा अस्पताल लेकर गए।

# दूल्हे से था प्रेम, शादी की रस्मों से पहले दुल्हन पर फेंका तेजाब; आरोपी युवती गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

दिल्ली के गोकुलपुरी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 21 वर्षीय युवती पर तेजाब से हमला किया गया। एक अन्य युवती ने कथित तौर पर अपने प्रेमी के होने वाले विवाह को लेकर यह खौफनाक कदम उठाया। जिस लड़के से पीड़िता की शादी होने वाली थी, उसी को आरोपी युवती भी पसंद करती थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल की दोपहर को गोकुलपुरी पुलिस स्टेशन में एक महिला पर तेजाब से हमला किए जाने की खबर मिली। पुलिस जब इंदिरा विहार इलाके में घटनास्थल पर पहुंची, तो पता चला कि पीड़ित 21 वर्षीय युवती को उसके परिजन पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे।



जांच के दौरान सामने आया कि पीड़ित युवती की शादी तय हो चुकी थी। जिस लड़के के साथ उसकी शादी होने वाली थी उसी को आरोपी युवती भी पसंद करती थी और वह इस शादी को रोकना चाहती थी। जिसके चलते उसने यह खौफनाक साजिश रची। उसने दुल्हन पर तेजाब फेंक दिया। जिस घर में कुछ दिनों बाद शादी की खुशियां मनाई जानी थीं, उस घर में इस घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# नाले में गिरने पर मारी थी जितेंद्र को चार गोलियां

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



वेव सिटी थाना क्षेत्र के गांव बम्हेटा निवासी जितेंद्र हत्यारों को देखकर चिरंजीव विहार के नजदीक रेलवे लाइन पर दौड़ पड़ा। जितेंद्र ने हत्यारों से जान बचाने के लिए चिरंजीव विहार स्थित नाले को कूदने का प्रयास किया लेकिन वह उसमें गिर गया। नाले में गिरते ही पीछे से आए चार बदमाशों ने एक के बाद एक जितेंद्र को चार गोलियां मारी और भाग गए। कविनगर पुलिस ने नौ अप्रैल की रात को हुई जितेंद्र की हत्या के मामले में क्राइम सीन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जितेंद्र की हत्या आगे बढ़ाई है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बम्हेटा में किराना स्टोर चलाने वाला जितेंद्र लोगों से खुद को एसओजी का सिपाही बताता था। उसकी पत्नी शीतल चौहान के मुताबिक नौ अप्रैल को जितेंद्र स्कूटी लेकर डायमंड फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा। जहां से उसने पत्नी को कॉल कर फ्लाईओवर के नीचे होने की बात कही। एसीपी ने बताया कि डायमंड फ्लाईओवर के नीचे स्कूटी खड़ी करके जितेंद्र किसी का इंतजार कर रहा था, इसी दौरान चार लोग आते दिखाई पड़े। इसके बाद जितेंद्र ने रेलवे लाइन पर दौड़ लगा दी। करीब 400 मीटर भागने के बाद जितेंद्र ने चिरंजीव विहार का नाला कूदकर आवासीय क्षेत्र में पहुंचकर अपनी जान बचाने का प्रयास किया। जैसे ही जितेंद्र ने नाला कूदने का प्रयास किया वह उसमें गिर गए। जिसमें तीन से चार मिनट बाद एक सीसीटीवी में चार गालियां चलने की आवाज सुनाई पड़ी हैं। जितेंद्र के पेट में तीन और गर्दन पर एक गोली धंसी मिली है। जितेंद्र ने शीतल चौहान से 12 वर्ष पूर्व शादी की थी और परिवार के साथ बम्हेटा में रहता था। जबकि तीन अन्य महिलाओं से जितेंद्र के प्रेम संबंध उजागर हुए हैं। इनमें से एक शादीशुदा महिला आवास छोड़कर भाग गई है। आशंका जताई जा रही है कि जितेंद्र की हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई है। एसीपी ने बताया कि जल्द ही जितेंद्र की हत्या का खुलासा किया जाएगा।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 93.70 प्रतिशत छात्रों ने मारी बाजी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं की परीक्षा का परिणाम बुधवार शाम 4 बजे जारी कर दिया है। ऐसे में जो छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे और रिजल्ट जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वे अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर जाकर अपने परिणाम चेक कर सकते हैं। सीबीएससी ने परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों के साथ-साथ डिजिलॉकर ऐप और उमंग ऐप पर भी जारी कर दिए हैं। इसके माध्यम से भी छात्र अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस वर्ष कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.70 प्रतिशत है, जो कि पिछले वर्ष की उत्तीर्ण प्रतिशत से बेहतर है। 2025 की परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.66 प्रतिशत था।

# फ्लैट न खरीदने पर काटनी होगी सिर्फ 10 प्रतिशत राशि, देना होगा 1 लाख का मुआवजा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फैसला सुनाते हुए बिल्डर की मनमानी पर लगाम लगाई है। आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल ने आदेश दिया है कि यदि कोई खरीदार फ्लैट लेने से पीछे हटता है, तो बिल्डर कुल जमा राशि का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा ही काट सकता है। इसके साथ ही बिल्डर को शिकायतकर्ता को मानसिक उत्पीड़न के लिए 1 लाख रुपये का मुआवजा और कानूनी खर्च के रूप में 55 हजार रुपये भी अदा करने होंगे। सेवानिवृत्त मेजर जनरल सुजान गोपाल चटर्जी ने आयोग में दायर की याचिका में बताया कि उन्होंने सेंट पैट्रिक्स रियल्टी कंपनी के सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली प्रोजेक्ट में 7.74 लाख रुपये देकर एक फ्लैट बुक कराया था। शिकायत के अनुसार, बुकिंग के समय बिल्डर ने आश्वासन दिया था कि यदि खरीदार 30 दिन के भीतर अपना इरादा बदलता है तो उसे पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। हालांकि, जब मेजर जनरल ने कंपनी की कुछ शर्तों पर असहमति जताते हुए रिफंड मांगा, तो कंपनी ने एक साल तक उनकी राशि वापस नहीं की।

# फरीदाबाद, नोएडा के श्रमिकों के आक्रोश से गुरुग्राम के उद्योग प्रभावित

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

कम मजदूरी दर को लेकर नोएडा और फरीदाबाद में हो रहे श्रमिकों के संघर्ष से गुरुग्राम और मानेसर के उद्योग काफी प्रभावित हो रहे हैं। पिछले चार दिन से कई उद्योगों में काम बंद है। गुरुग्राम के बहुत सारे उद्योगों की इकाइयां नोएडा में हैं और कई कच्चे माल व अन्य काम के लिए दूसरी इकाइयों पर निर्भर है। गुरुग्राम के उद्यमियों का कहना है कि सरकार को मजदूरी दर में क्रमिक वृद्धि करनी थी। हरियाणा में एकदम से वृद्धि करने से अन्य राज्यों के श्रमिकों में भी आक्रोश उत्पन्न होगा। पूरा नॉर्थ जुड़ा हुआ है। दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग मजदूरी नहीं दे सकते। साथ ही मजदूरी दर के साथ अन्य उत्पादन लागत में भी वृद्धि होगी। अमेरिकी टैरिफ और पश्चिम एशिया युद्ध के कारण उद्योग वैसे भी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। बहुत सारे छोटे उद्योग बंद हो सकते हैं। लागत वृद्धि के कारण उद्यमी श्रमिकों की संख्या कम करने पर विवश होंगे। इसका असर पूरे उत्तर प्रदेश और राजस्थान पर होगा।



मानेसर के बाद नोएडा और फरीदाबाद में आंदोलन से गुरुग्राम के उद्यमियों का काम भी प्रभावित हो रहा है। हमारा काम शनिवार से बंद है। कच्चा माल आ नहीं पा रहा है। वहीं, जिन उद्योगों की इकाइयां नोएडा और फरीदाबाद में है, उन पर मजदूरी दर 35 प्रतिशत बढ़ाने का दबाव है। - सुमित राव, अध्यक्ष जीआईए

श्रमिकों के असंतोष के कारण निर्यातकों को काफी मुश्किलें आ रही हैं। इस गंभीर मुद्दे पर राज्य और केंद्र सरकार दोनों ही अबतक प्रभावी हस्तक्षेप करने में विफल रहा है। सरकार को श्रमिकों की सहायता और निर्यातकों के लिए राहत पैकेज, कर छूट और लॉजिस्टिक सहायता जैसे उपाय किए जाने चाहिए। - कपिल साध, परिधान निर्यातक

नोएडा के निर्यातकों से हमारा काम आता है। अब वहां काम बंद है तो हमारे पास काम नहीं है। श्रमिकों के 35 प्रतिशत मजदूरी दर बढ़ने से हमारे लिए यह 40 प्रतिशत का बोझ हो गया है। केवल वेतन वृद्धि ही नहीं इनपुट की लागत बढ़ी है। सरकार को इस तरह अचानक मजदूरी दर नहीं बढ़ानी चाहिए थी। - कैप्टन कविता अहलावत, परिधान उद्यमी

# रियलमी 16 5जी लोकप्रिय स्मार्टफोन बनकर उभरा, पिछली जनरेशन के मुकाबले 150 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि दर्ज की

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय ब्रांड रियलमी ने बुधवार को घोषणा की कि रियलमी 16 5जी एक लोकप्रिय फोन बनकर उभरा है, जिसने अपनी पिछली पीढ़ी की तुलना में 150 प्रतिशत अधिक बिक्री के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं की मजबूत मांग को दर्शाती है और दमदार परफॉर्मेंस, आकर्षक डिजाइन और इनोवेशन चाहने वाले युवा यूजर्स के बीच इस डिवाइस की लोकप्रियता को उजागर करती है। रियलमी 16 5जी का मुख्य आकर्षण एआई पोर्ट्रेट मास्टर अनुभव है, जिसमें स्लिम एयर डिजाइन और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ डुअल 50




मेगापिक्सल का कैमरा सिस्टम दिया गया है।

50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 852 रियर कैमरा और 50 मेगापिक्सल के फ्रंट कैमरा से लैस यह डिवाइस हर स्थिति में नेचुरल स्किन टोन, शार्प डिटेल और संतुलित रोशनी के साथ जीवंत तस्वीरें प्रदान करता है।

ऑरा रिंग फ्लैश के साथ रियर सेल्फी मिरर, 'से हाय' जेस्चर रिकग्निशन और वॉयस काउंटडाउन जैसी इंडस्ट्री-फर्स्ट इनोवेशन पलों को कैद करना अधिक सहज और सामाजिक बनाती हैं। लूमाकलर इमेज इंजन, वाइब मास्टर मोड और एआई एडिट जीनियस से लैस होने के कारण, उपयोगकर्ता आसानी से फोटो और वीडियो बना सकते हैं, उन्हें कस्टमाइज कर सकते हैं और तुरंत बेहतर बना सकते हैं। इसके साथ ही, फ्लैगशिप-ग्रेड कैमरा बार वाला स्लीक एयर डिजाइन, 60वाट फास्ट चार्जिंग वाली 7000एमएएच की दमदार टाइटन बैटरी, आईपी69-स्तरीय ड्यूरेबिलिटी और स्मूथ व लंबे समय तक चलने वाले यूजर अनुभव के लिए रियलमी यूआई 7.0 इसे अपने सेगमेंट के सबसे आकर्षक स्मार्टफोन में से एक बनाते हैं। रियलमी 16 5जी दो रंगों, एयर व्हाइट और एयर ब्लैक में रियलमीडॉटकॉम, फ्लिपकार्ट और मुख्य रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

इस दमदार शुरूआत के साथ, रियलमी 16 5जी संतुलित और इनोवेशन से भरपूर स्मार्टफोन अनुभव चाहने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहुप्रतीक्षित हुआवे पुरा 90 प्रो सीरीज जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** चालू महीने के अंत में चीन में बहुप्रतीक्षित हुआवे पुरा 90 प्रो सीरीज लॉन्च होने जा रही है। इस सीरीज में पुरा 90 प्रो और पुरा 90 प्रो मेक्स मॉडल शामिल होंगे। लॉन्च से पहले ही कंपनी ने इन फोन्स के डिजाइन, कलर ऑप्शन्स और स्टोरेज वेरिएंट्स का खुलासा कर दिया है। हुवावे पुरा 90 प्रो मॉडल कोकोनट व्हाइट, मलबेरी ब्लैक, ऑरेंज सोडा और पिंक ग्वावा जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगा, जबकि पुरा 90प्रो मेक्स डॉन गोल्ड, एमराल्ड लेक, ऑब्सीडियन ब्लैक, ऑरेंज ओशन और सनसेट पर्पल जैसे शेड्स में आएगा। दोनों फोन 12जीबी प्लस 256जीबी से लेकर 16जीबी प्लस1टीबी तक के विभिन्न रैम और स्टोरेज विकल्पों में पेश किए जाएंगे। इन फोन्स का सबसे विशिष्ट डिजाइन एलिमेंट इनका तिकोना कैमरा मॉड्यूल है, जिसमें पिरामिड जैसी बनावट में तीन गोल लेंस लगे हैं, जो इन्हें एक अनूठी पहचान देते हैं।

### बीएमडब्ल्यू ने किया इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** साल 2026 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में लग्जरी कार निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। बीएमडब्ल्यू ने इस अवधि में कुल 1,185 इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेचीं, जो पिछले साल के मुकाबले 83 पर्सेंट अधिक है। इस प्रदर्शन के साथ, भारत के लग्जरी इलेक्ट्रिक कार मार्केट में बीएमडब्ल्यू की हिस्सेदारी 70 पर्सेंट से भी ज्यादा हो गई है। बीएमडब्ल्यू की इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान बीएमडब्ल्यू आईएक्स 1 इलेक्ट्रिक का रहा, जिसकी हिस्सेदारी कुल इलेक्ट्रिक बिक्री में अकेले 80 पर्सेंट है।

## स्ट्रांग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर पूरा फोकस कर रही टोयोटा

**नई दिल्ली , यूटर्न/ 15 अप्रैल।** मशहूर कंपनी टोयोटा अब डीजल इंजनों से दूरी बनाते हुए स्ट्रांग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर अपना पूरा फोकस कर रही है। यदि आप भी नई गाड़ी खरीदने का मन बना रहे हैं, तो टोयोटा जल्द ही बाजार में अपनी तीन धाकड़ हाइब्रिड कारें उतारने जा रही है, जो माइलेज की चिंता को खत्म कर देंगी। इनमें सबसे पहले टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस का एक नया और किफायती हाइब्रिड वेरिएंट आएगा। यह पॉपुलर इनोवा क्रिस्टा की जगह ले सकता है। कंपनी इसमें लागत कम रखने के लिए कुछ फीचर्स हटा सकती है, लेकिन इसमें वही दमदार 2.0 लीटर वाला स्ट्रांग हाइब्रिड इंजन मिलेगा, जो करीब 184हॉर्स की ताकत देगा। दूसरी गाड़ी टोयोटा हायराइडर 7-सीटर हो सकती है, जिसे हाल ही में टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। यह हायराइडर और अपकमिंग बजट हाईक्रॉस के बीच के गैप को भरेगी। इसमें मौजूदा मॉडल की तरह 1.5 लीटर का स्ट्रांग हाइब्रिड और माइल्ड हाइब्रिड इंजन मिलने की उम्मीद है। तीसरी लॉन्च टोयोटा हायराइडर फेसलिफ्ट होगी। बढ़ते कॉम्पिटिशन को देखते हुए, इस अपडेटेड कार में नई फ्रंट ग्रिल, बदले हुए बंपर और फ्रेश लुक वाले अलॉय व्हील्स देखने को मिलेंगे, जिससे इसका एक्सटीरियर रिफ्रेश होगा।

## टाटा की नई सिएरा की बिक्री में 172 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स के लिए एसयूवी टाटा सिएरा अपने नए अवतार में सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित हुई है। साल की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में टाटा सिएरा और कर्व जैसी मिड-साइज एसयूवी के दम पर टाटा की कुल बिक्री में सालाना आधार पर 172 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है, जिससे कुल 28,000 से अधिक गाड़ियां बिकीं। टाटा सिएरा की बुकिंग शुरू होते ही एक ही दिन में 70,000 लोगों ने इसे खरीदने के लिए लाइन लगा दी। अब तक 1 लाख से ज्यादा लोग इसे बुक कर चुके हैं, और मार्च 2026 तक कंपनी करीब 14,000 गाड़ियां ग्राहकों तक पहुंचा भी चुकी है। अकेले मार्च के महीने में ही सिएरा की 9,000 यूनिट्स बिकीं, जिससे यह नेक्सन और पंच के बाद टाटा की तीसरी सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली गाड़ी बन गई है। बता दें कि सेफ्टी के लिए टाटा सिएरा को भारत एनकैप से 5-स्टार रेटिंग मिली है। टाटा की कुल बिक्री भी इस तिमाही में 2 लाख यूनिट्स के पार पहुंच गई, जो पिछले साल के मुकाबले 37 पर्सेंट की छलांग है। नेक्सन और पंच जैसे पुराने धुरंधर भी अपनी मजबूत जगह बनाए हुए हैं, जबकि सफारी और हैरियर जैसी बड़ी एसयूवी और टियागो व एल्ट्रोज जैसी छोटी कारों ने भी बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नई सिएरा दमदार बॉक्सी डिजाइन, स्टाइलिश एलईडी हेडलैंप्स और प्रीमियम इंटीरियर के साथ आती है, जिसमें तीन डिजिटल डिस्प्ले, पैनोरमिक सनरूफ, और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 360℃ कैमरा, और लेवल-2 अडास जैसे हाई-टेक फीचर्स शामिल हैं।

## भारत का व्यापारिक निर्यात मार्च में 6.3 प्रतिशत बढ़ा, व्यापार घाटा कम होकर 20.67 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** भारत का व्यापारिक घाटा मार्च में कम होकर 20.67 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, देश का व्यापारिक निर्यात फरवरी के 36.61 अरब डॉलर से 6.3 प्रतिशत बढ़कर 38.92 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि 2025-26 के लिए भारत का कुल निर्यात 860.09 अरब डॉलर से अधिक हो गया है, जो 2024-25 के इसी अवधि के आंकड़े 825.26 अरब डॉलर की तुलना में 4.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान भारत का आयात 5.98 प्रतिशत घटकर 59.9 अरब डॉलर रह गया, जिससे राजकोषीय घाटे में भी कमी आई है।

# ईंधन कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार का नया प्लान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते केंद्र सरकार ईंधन मूल्य स्थिरीकरण तंत्र पर विचार कर रही है। इसके जरिए सरकार की कोशिश पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से उपभोक्ताओं को बचाना है।

एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रस्ताव, जिस पर वर्तमान में प्रमुख मंत्रालयों के बीच चर्चा चल रही है, एक समर्पित बफर प्रणाली स्थापित करने का प्रयास करता है जिसे कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव की अवधि के दौरान लागू किया जा सकेगा।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करना जारी रखे हुए है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और भारत जैसी आयात-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के लिए मुद्रास्फीति का खतरा बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित ढांचा कृषि उत्पादों के लिए मौजूदा मूल्य स्थिरीकरण प्रणाली पर आधारित होने की संभावना है। इस प्रणाली के तहत, कीमतों में अचानक वृद्धि होने पर अस्थिरता को कम करने के लिए बफर स्टॉक बाजार में जारी किए जाते हैं। ईंधन के लिए भी इसी तरह की प्रणाली पर विचार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वैश्विक मूल्य झटकों के सीधे और पूर्ण प्रभाव को उपभोक्ताओं तक पहुंचने देने के बजाय, अचानक कीमतों में होने वाली वृद्धि से उन्हें बचाना है। इस योजना में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी को कवर करने वाला एक अलग ईंधन बफर फंड स्थापित करना शामिल है।




रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था भारत के रणनीतिक कच्चे तेल भंडार से अलग होगी, जिसका मुख्य उद्देश्य गंभीर व्यवधानों के दौरान आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि मूल्य उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करना।

निधि की संरचना और हस्तक्षेप के मानदंडों के संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और अन्य विभागों के बीच विचार-विमर्श जारी है। इन मानदंडों में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों या अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता संकेतकों से जुड़े पूर्वनिर्धारित सीमाएं शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि इसका उद्देश्य स्थायी सब्सिडी व्यवस्था लागू करना नहीं है, बल्कि अत्यधिक अस्थिरता को कम करना और संकट के समय घरेलू खपत की रक्षा करना है।

# ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से थोक महंगाई में आया उछाल

### आरबीआई आने वाले समय में स्थिर रख सकता है ब्याज दरें : अर्थशास्त्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से भारत में थोक महंगाई दर में मार्च में उछाल देखने को मिला है और इससे आने वाले में केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है। यह जानकारी अर्थशास्त्रियों की ओर से बुधवार को दी गई।

आईसीआरए में वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि थोक महंगाई में वृद्धि व्यापक आधार पर थी, जिसमें क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस के साथ ईंधन एवं ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई।

उन्होंने आगे कहा,'मार्च 2026 में फरवरी 2026 की तुलना में मुख्य महंगाई में 175 आधार अंकों की वृद्धि में से 150 आधार अंकों का योगदान संयुक्त रूप से इन दोनों समूहों का था। अग्रवाल ने आगे कहा कि मार्च में खाद्य महंगाई दर 1.8 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई फरवरी के 3.3 प्रतिशत से बढ़कर 41 महीनों के उच्चतम स्तर 3.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। उन्होंने आगे कहा कि क्रमिक आधार पर, मार्च में मुख्य सूचकांक में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले तीन



महीनों के औसत के अनुरूप है।

अर्थशास्त्री ने बताया कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की अधिक कीमतें और उसके साथ शिपिंग, माल ढुलाई और इनपुट लागत में बढ़ोतरी के कारण आयात लागत में इजाफा हो सकता है। इससे अप्रैल में थोक महंगाई में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने भी इसी तरह की चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ताजा थोक महंगाई डेटा पश्चिम एशिया संकट के अधिक गंभीर प्रभाव को दर्शाता है, जिसमें खुदरा महंगाई की तुलना में अधिक तीव्र वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, 'यह अंतर थोक डीजल और अन्य वाणिज्यिक ईंधन की कीमतों में तीव्र वृद्धि के कारण है।

# मारुति सुजुकी इंडिया में बढ़ी महिला कर्मचारियों की भागीदारी; 1,300 के पार पहुंचा आंकड़ा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को घोषणा की कि कंपनी ने जेंडर डाइवर्सिटी को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को और तेज किया है, और अब कंपनी में कुल महिला कर्मचारियों की संख्या 1,300 से ज्यादा हो गई है। कंपनी ने कहा कि गुरुग्राम और मानेसर प्लांट में शॉपफ्लोर पर महिलाओं की भर्ती बढ़ने से यह संख्या बढ़ी है। कंपनी ने पिछले दो वर्षों में वाहन निर्माण, इंजन और ट्रांसमिशन जैसे तकनीकी कामों में महिलाओं की भर्ती लगातार बढ़ाई है। अब ये महिला कर्मचारी शॉपफ्लोर पर असेंबली लाइन और क्वालिटी कंट्रोल जैसे अहम काम संभाल रही हैं, जहां सटीकता और निरंतरता बहुत जरूरी होती है।

कंपनी ने बताया कि महिला कर्मचारियों को पुरुष कर्मचारियों के बराबर ट्रेनिंग और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम दिए जाते हैं, ताकि उन्हें करियर में आगे बढ़ने के समान मौके मिल सकें। इस पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा कि पहले से ही कंपनी में इंजीनियरिंग, मार्केटिंग, सेल्स, फाइनेंस, लीगल, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन जैसे विभागों में महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही है।

उन्होंने कहा कि असली भागीदारी तब दिखाती है जब महिलाएं शॉपफ्लोर पर सीधे वाहन निर्माण में योगदान देती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा है कि



शॉपफ्लोर पर महिलाओं की संख्या और बढ़ाई जाए। कंपनी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके लिए एक आंतरिक सर्वे किया गया, जिसके आधार पर इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किए गए ताकि महिलाओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। इन सुधारों में अलग से रेस्ट रूम, चेंजिंग एरिया, क्रेच सुविधा और शाम की शिफ्ट में सुरक्षा के लिए गार्ड और पेट्रोलिंग जैसी व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, कंपनी ने कर्मचारियों के लिए सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम भी शुरू किए हैं, ताकि कार्यस्थल पर एक समावेशी और खुला माहौल बन सके। मारुति सुजुकी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सभी कर्मचारी यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) ट्रेनिंग में 100 प्रतिशत भाग लें, जिससे कार्यस्थल पर सुरक्षा और जागरूकता बनी रहे।

संक्षिप्त खबरें

## ऑटो में बैठी महिला के गले से चेन चोरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** मुजेसर थाना इलाके में ऑटो में बैठी महिला के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई। धौज इलाके के गांव कोट निवासी महिला चिंकी ने पुलिस को शिकायत दी है। आरोप है कि 11 अप्रैल को वे अपनी बहन व भाभी के साथ नैन चौक मार्केट में गई थी। खरीददारी के बाद दोपहर लगभग 3 बजे वे ऑटो में सवार होकर जा रही थी। गांव नंगला के पास ध्यान दिया कि उनके गले से सोने की चेन गायब है।

## अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने छांयसा स्थित अटल बिहार वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के पास से स्कॉर्पियो कार सवार युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पिस्टल के साथ ही 2 मैगजीन व 10 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। आरोपी की पहचान यूपी के बुलंदशहर निवासी प्रवीन के तौर पर हुई। आरोपी की काले रंग की स्कॉर्पियो कार भी पुलिस ने जब्त कर ली।

## जेवर चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** सारन थाना इलाके में घर से जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पर्वतीय कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें कहा गया कि उनका बेटा रजत पहले अलग रहता था। उसके एक्सिडेंट के बाद रजत मां के पास रहने आया। इसी दौरान वो घर से जेवर चुराकर भाग गया। सारन थाना में दर्ज एफआईआर पर जांच करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने वेदराम कॉलोनी में रहने वाले रजत को गिरफ्तार किया है।

# एक्सपायरी मिठाई बेचना पड़ा भारी, उपभोक्ता आयोग ने लगाया जुर्माना

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सेक्टर-16 स्थित हल्दीराम आउटलेट को एक्सपायरी मिठाई बेचने और उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार करने का दोषी पाते हुए जुर्माना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष अमित अरोड़ा और सदस्य इंदिरा भड़ाना की पीठ ने यह फैसला सुनाया। आयोग ने तीस मार्च को अपने आदेश में कहा कि यह न



केवल सेवा में कोताही है बल्कि उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ भी है। अदालत ने हल्दीराम को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को एक्सपायरी मिठाई और छेड़छाड़ के लिए 15 हजार रुपये, मानसिक प्रताड़ना के लिए 3,300 रुपये और कानूनी खर्च के रूप में 2,200 रुपये का भुगतान करे। यह पूरी राशि 30 दिनों के भीतर देनी होगी।

मामला 21 दिसंबर 2025 का है जब सेक्टर-18ए निवासी निमिष अग्रवाल ने इस आउटलेट से मिठाई खरीदी थी। शिकायत के अनुसार जब निमिष नीचे के काउंटर पर मौजूद थे तो उन्होंने देखा कि सेल्समैन असली पैक डिब्बे से मिठाई निकालकर उसे साधारण डिब्बे में भर रहा है। संदेह होने पर जब उन्होंने असली डिब्बा मांगा तो सेल्समैन ने मना कर दिया और दबाव बनाने पर डिब्बे को फाड़ दिया ताकि उस पर छपी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट छिपाई जा सके।

जांच और सबूतों के आधार पर यह पता चला कि जो मिठाई बेची गई थी वह 12 दिसंबर को बनी थी और 19 दिसंबर को एक्सपायर हो चुकी थी। यानी एक्सपायरी डेट निकलने के दो दिन बाद ग्राहक को यह सामान दिया गया। जब ग्राहक ने विरोध किया तो स्टाफ ने माफी मांगने के बजाय अभद्र टिप्पणी की। हालांकि कंपनी ने अपनी सफाई में कहा कि वे नियमों का पालन करते हैं और एक्सपायरी से पहले सामान हटा लेते हैं, लेकिन उपभोक्ता द्वारा पेश किए गए वीडियो और फोटो साक्ष्यों के सामने उनकी दलीलें नहीं टिकीं।

# सेक्टर-16 के बाजार में टूटी सड़कों और जलभराव से मिलेगी राहत

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में शुमार सेक्टर-16 की मार्केट अब जल्द ही बदली हुई तस्वीर के साथ नजर आएगी। नगर निगम ने सेक्टर-16 के पॉकेट-ए और बी स्थित बाजार के पुनर्विकास की योजना को मंजूरी दे दी है। करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले इन प्रोजेक्ट का उद्देश्य बाजार की जर्जर हो चुकी बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक स्वरूप देना है। लंबे समय से टूटी सड़कों, उखड़े फुटपाथ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे व्यापारियों और ग्राहकों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना को 12 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। काम पूरा होने के बाद यह बाजार सुविधाजनक होने के साथ स्मार्ट सिटी के मानकों के अनुरूप विकसित होकर क्षेत्र की नई पहचान भी बनेगा। सेक्टर-16 का यह बाजार लंबे समय से रखरखाव के अभाव में बदहाल स्थिति में पहुंच गया था। फुटपाथों के पेवर ब्लॉक उखड़ चुके है जिससे पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी होती है। वहीं जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के दौरान बाजार में पानी भर जाता है। इससे व्यापार प्रभावित होता है और ग्राहकों की



आवाजाही भी कम हो जाती है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना रहा है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया था। ऐसे में इस पुनर्विकास योजना को बाजार के लिए जरूरी कदम माना जा रहा है।

### बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूत

नगर निगम की योजना के तहत बाजार के अंदरूनी रास्तों और फुटपाथों को पूरी तरह नए सिरे से तैयार किया जाएगा। पुराने और क्षतिग्रस्त पेवर ब्लॉक्स को हटाकर नए मजबूत और डिजाइनर ब्लॉक्स लगाए जाएंगे। सड़कों के नीचे 100 मिमी मोटी सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी जिससे सड़कों की मजबूती बढ़ेगी और लंबे समय तक मरम्मत की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए नई ड्रेनेज लाइन डाली जाएगी।

### गुणवत्ता पर विशेष जोर, जवाबदेही की गई तय

इस परियोजना में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विशेष प्रावधान किए गए हैं। नगर निगम ने एजेंसी के लिए 1095 दिनों यानी करीब तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि तय की है। इस अवधि के दौरान यदि किसी प्रकार की खराबी सामने आती है तो संबंधित एजेंसी को अपने खर्च पर उसे ठीक करना होगा। साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए साइट पर फील्ड लैब स्थापित की जाएगी जहां सामग्री की जांच की जाएगी। इससे निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है। परियोजना को समयबद्ध और सुरक्षित तरीके से पूरा करने के लिए डिजिटल तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान जमीन के नीचे मौजूद पाइपलाइन या अन्य सेवाओं को नुकसान से बचाने के लिए कॉल बिफोर यू डिग एप का इस्तेमाल किया जाएगा।

## प्लॉट विवाद में भाइयों पर चाकू से हमला, एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** सारन गांव में घर में घुसकर चाकू से हमला और मारपीट करने के मामले में थाना सारन पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजा उर्फ मुन्ना निवासी सारन के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हमलावर और पीड़ित पक्ष एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इनके बीच पर्वतीय कॉलोनी स्थित एक प्लॉट को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है, जहां वर्तमान में पार्किंग का काम होता है। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने मोहित के घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार पीड़ित मोहित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपने घर पर था। इसी दौरान दीपक नाम का युवक उसके घर में घुसा और उस पर चाकू से हमला कर दिया। जब मोहित का भाई कृष्ण उसे बचाने आया, तो आरोपी दीपक ने उस पर भी चाकू से वार कर दिया। शोर सुनकर दीपक के ताऊ सुंदर और राजा उर्फ मुन्ना भी वहां पहुंच गए और दोनों भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। थाना सारन पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी राजा उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सोशल मीडिया पर किशोर के लापता होने की पोस्ट डाली, पिता से 10 हजार रुपये ठग लिए

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

सेक्टर-58 थाना इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने अपने 15 साल के बेटे के लापता होने पर ढूंढने की आस में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। इसका फायदा साइबर ठगों ने उठाया और पोस्ट में दिए गए नंबर पर संपर्क कर 10 हजार रुपये ठग लिए। जिस बैंक खाते में रुपये पहुंचे, उसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान यूपी के मरोचा निवासी इस्तशाम के तौर पर हुई। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने अपना बैंक खाता आगे ठगों को दिया हुआ था। आरोपी दिल्ली में एक चाय की दुकान पर काम करता है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सिकरौना चौकी की पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

मामले में पुलिस को शिकायत सेक्टर-58 थाना इलाके की शिव कॉलोनी में रहने वाले संतोष सिंह ने 8 अप्रैल को दी थी। शिकायत में बताया कि 7 अप्रैल को उनका 15 साल का बेटा बगैर बताए घर से चला गया था। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने एफआईआर




दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दौरान संतोष ने भी अपने स्तर पर बेटे को ढूंढने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट डलवा दी थी। इस पोस्ट में उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी दिया था। संतोष के अनुसार 8 अप्रैल को उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि आपका बेटा मेरे पास है, 10 हजार रुपये मेरे खाते में डाल दो। आरोपी ने उनके पास क्यूआर कोड भेजा और शिकायतकर्ता ने 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

बाद में आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया। तब ठगी का अहसास हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा। सेक्टर-58 थाना अंतर्गत सिकरौना चौकी की पुलिस टीम ने जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## महिला की मौत के मामले में पति दोषमुक्त

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

महिला की मौत के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा की अदालत ने 13 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए पति जितेंद्र कुमार को दोषमुक्त करार कर दिया। यह मामला थाना खेड़ी पुल में 18 अगस्त 2023 में दर्ज एफआईआर से जुड़ा हुआ था, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 304-बी (दहेज मृत्यु) के तहत केस दर्ज किया गया था।

मामले के अनुसार 17 अगस्त 2023 की रात करीब 10:10 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि भारत कॉलोनी स्थित घर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका की पहचान वर्षा के रूप में हुई थी, जिसकी शादी नवंबर 2022 में जितेंद्र कुमार से लव मैरिज के रूप में हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि शादी के बाद पति शराब पीकर मारपीट करता था और दहेज की मांग करता था, जिसके चलते उनकी बेटी की हत्या की गयी।




शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर 18 अगस्त 2023 को पति को गिरफ्तार कर लिया था और जांच के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए, वहीं बचाव पक्ष ने सभी आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताया। इस मामले में अभियोजन पक्ष अपने आरोप साबित करने में असफल रहा। इसके चलते अदालत ने जितेंद्र कुमार को दोषमुक्त कर दिया।

## मौसी सामान लेने उतरी, एक्सप्रेस में अकेला चला गया बच्चा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक पांच साल का बच्चा ताज एक्सप्रेस में अकेला छूट गया। बच्चे की मौसी प्लेटफॉर्म पर सामान लेने उतरी थी, लेकिन इसी बीच ट्रेन चल पड़ी। रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से बच्चे को अगले स्टेशन पर सुरक्षित बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार धौलपुर निवासी एक महिला अपने पांच वर्षीय भतीजे के साथ झांसी-नई दिल्ली ताज एक्सप्रेस (12279) के जनरल कोच डी-6 में सफर कर रही थी। दोनों धौलपुर से नोएडा जा रहे थे। जब ट्रेन फरीदाबाद स्टेशन पर रुकी, तो बच्चे ने किसी सामान की जिद की। उसे कोच में अकेला छोड़कर मौसी जैसे ही प्लेटफॉर्म पर उतरी, ट्रेन अचानक चल पड़ी। मौसी ने भागकर ट्रेन पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह कोच तक नहीं पहुंच सकी। बच्चे को ट्रेन में अकेला जाते देख मौसी बदहवास हो गई और तुरंत आरपीएफ को सूचना दी। तुगलकाबाद आरपीएफ प्रभारी मुकेश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन हजरत निजामुद्दीन स्टेशन की टीम को अलर्ट किया। जैसे ही ट्रेन निजामुद्दीन पहुंची, आरपीएफ की टीम ने कोच डी-6 से बच्चे और उसके सामान को सुरक्षित नीचे उतार लिया।

## बल्लभगढ़ में युवक की बेरहमी से हत्या, लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

फरीदाबाद के बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 में एक 30 वर्षीय युवक आदेश की बीती रात लाठी-डंडों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात सेक्टर-3 पुलिस चौकी से मात्र 150 मीटर की दूरी पर हुई, जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे 15 से 20 लोगों के एक समूह ने आदेश पर हमला किया, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक आदेश सेक्टर-3 स्थित एचएसवीपी मार्किट के पास एक ठेके पर मैनेजर के तौर पर काम करता था। बीती रात हुए इस क्रूर हमले के कारणों का अभी तक पूरी तरह से खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन पैसों के लेनदेन के विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण आदेश खुद का बचाव नहीं कर सका और गंभीर चोटों के कारण उसने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीमें फिलहाल हमलावरों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं।



## अभिनेत्री मीना के आलीशान घर के करोड़ों में बिकने की चर्चा

दक्षिण भारतीय की अभिनेत्री मीना के चेन्नई स्थित आलीशान घर को लेकर इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। अभिनेत्री का यह भव्य घर कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये में बिक गया है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 साल पहले पारंपरिक केरल शैली में महज 10 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए इस घर को अमेरिका के एक एनआरआई कपल ने खरीदा है। हालांकि, अभिनेत्री मीना ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, और उनके सोशल मीडिया पेजों पर भी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मीना अपने पति सागर (जिनका निधन हो चुका है) और बेटी नैनिका के साथ इस खूबसूरत घर में रहती थीं। यह घर अपनी अद्वितीय केरल शैली की वास्तुकला, खूबसूरत लकड़ी के खंभों, एक बड़े आंगन, महल जैसे डिजाइन और पारंपरिक तंजावुर की कलाकृतियों के लिए जाना जाता था। मीना की मां राज मल्लिका, जो मूल रूप से कन्नूर की हैं, ने इस घर के डिजाइन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## मेकर्स ने अल्लू अर्जुन की फिल्म का नाम राका किया घोषित

साउथ के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन के खास मौके पर मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का नाम राका घोषित किया और साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी किया। एटली के निर्देशन में बनने वाली बहुचर्चित फिल्म को पहले एए22एक्सए6 के नाम से जाना जा रहा था। लेकिन अब अपने आधिकारिक टाइटल राका के साथ सामने आ चुकी है। यह फिल्म अपने विशाल बजट, स्टार-स्टडेड कास्ट और अल्लू अर्जुन के अनोखे लुक के कारण पहले से ही सुर्खियों में है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन का अवतार बेहद अलग और इंटेंस नजर आता है। उनके चेहरे का एक हिस्सा रहस्यमयी तरीके से भेड़िये जैसे फर और पंजों से ढका हुआ दिखाया गया है। काजल से सजी उनकी आंखें किरदार को और भी रहस्यमयी और आक्रामक बना रही हैं। वहीं, उनका आधा गंजा और रफ-टफ लुक इस बात का संकेत देता है कि फिल्म में उनका किरदार काफी ग्रिट्टी और पावरफुल होने वाला है।



# बिल्ली शिफू सैत के साथ कुब्रा सैत ने साझा किया वीडियो, लुटा रही प्यार

सोशल मीडिया पर अभिनेत्री कुब्रा सैत ने अपने पालतू जानवर के प्रति प्यार जताने के अपने अनोखे, ओवर-द-टॉप और 'मरस अंदाज के लिए चर्चा का विषय बन गई हैं। नेशनल पेट डे के अवसर पर जारी किए गए इस वीडियो में कुब्रा को अपनी फेलाइन साथी प्यारी बिल्ली शिफू सैत पर ढेर सारा प्यार लुटाते देखा जा सकता है। वह मजेदार अंदाज में शिफू से बातें करती और गुनगुनाती नजर आ रही हैं। उनका यह चुलबुलापन और प्यार जताने का ओवर-द-टॉप तरीका क्लिप को बेहद खास बनाता है। खास बात यह है कि कुब्रा के इन प्यारे नखरों से बेफिक्र उनकी बिल्ली शिफू भी कहीं न कहीं इसे एंजॉय करती नजर आ रही है, जिससे हर पेट पैरेंट तुरंत खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर सकता है। कुब्रा की एक्सप्रेसिव सिंगिंग और क्यूट बातों ने एक साधारण से पल को भी बेहद एंटरटेनिंग बना दिया है। यह अनफिल्टर्ड और कैंडिड इंटरैक्शन दिखाता है कि पालतू जानवर हमारे अंदर के सबसे बेफिक्र और असली रूप को बाहर ले आते हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया है, क्योंकि कई लोग इसमें अपनी ही हरकतों की झलक देख रहे हैं। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि पालतू जानवरों के लिए प्यार हमेशा शांत और सधा हुआ नहीं होता, बल्कि कभी-कभी वह मस्तीभरा और बिल्कुल बेपरवाह भी हो सकता है। शायद यही वजह है कि यह इतनी बड़ी संख्या में लोगों के दिलों को छू रहा है। अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत प्रोफेशनल मोर्चे पर भी लगातार सक्रिय हैं। सेक्रेड गेम्स और सन ऑफ सरदार 2 जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ अपनी वर्सेटिलिटी साबित कर चुकीं कुब्रा सैत ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, हर बार अपनी छाप छोड़ना जानती हैं। लेकिन इस बार, ऐसा लगता है कि उनकी प्यारी और शरारती फरी को-स्टार शिफू सैत ने लोकप्रियता के मामले में उन्हें मात दे दी है, और प्रशंसकों को कुब्रा का यह अनदेखा पहलू बेहद पसंद आ रहा है। अभिनेत्री कुब्रा सैत के सोशल मीडिया पर शेयर किए वीडियो ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। यह वीडियो उनके प्यारे रिश्ते की एक झलक दिखाता है, जो जितना क्यूट है, उतना ही एंटरटेनिंग भी।

## मलाइका के नए लुक्स ने मचाया तहलका



बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन और फैशन आइकन मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने शानदार लुक्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की है, जिसने उनके प्रशंसकों और फैशन प्रेमियों के बीच हलचल मचा दी है। इन तस्वीरों में मलाइका न केवल अपनी बेजोड़ सुंदरता बल्कि अपने अद्वितीय फैशन सेंस का भी प्रदर्शन कर रही हैं, जिसने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन लुक्स में विंटेज क्लास और रेड कार्पेट ग्लैमर का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। एक तस्वीर में मलाइका एक सफेद रफल्ड शर्ट, बड़ी बो स्टाइल और काले रंग की टोपी व लेदर ग्लव्स के साथ एक कैप्टन लुक में नजर आईं, जो किसी पुरानी क्लासिक फिल्म की याद दिलाता है। वहीं, उनके रेड कार्पेट लुक्स में एक चांदी जैसा चमकता हुआ प्लंजिंग नेकलाइन गाउन और एक लाइट मिंट ग्रीन कलर का कोर्सेट स्टाइल गाउन शामिल है, जो उनकी फिटनेस और ग्रेस को बखूबी दर्शाता है। मलाइका ने अपनी सादगी में भी कहर ढाया, जब वह एक सफेद टर्टलनेक टॉप और फेदर स्कर्ट में दिखीं, जो उनके लुक को क्लासी टच दे रहा था।

# धोनी का इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उपयोग करे सीएसके : मैक्लेनेघन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर मिशेल मैक्लेनेघन ने कहा है कि महेन्द्र सिंह धोनी का फिट होना चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के लिए राहत की बात है पर उनका उपयोग सावधानी से करना होगा। मैक्लेनेघन ने कहा है कि धोनी को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर टीम में शामिल किया जाना चाहिये। जिससे उन्हें अधिक दौड़-भाग न करनी पड़े। धोनी ने नेट्स में बल्लेबाजी शुरू कर दी है। उन्होंने हालांकि थ्रोडाउन गेंदों का ही सामना किया। वह अभी पूरी रफ्तार से बल्लेबाजी नहीं कर रहे हैं।

मैक्लेनेघन ने कहा, अगर धोनी फिट हैं, तो सीएसके को उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में उतारना चाहिये। अगर टीम मैनेजमेंट को लगता है कि उन्हें धोनी से तेजी से कुछ रन चाहिए, खासकर जब वे लक्ष्य का पीछा कर रहे हों, तो उन्हें इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर लाने से वे उनकी बल्लेबाजी क्षमता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कर पाएंगे। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने का मतलब होगा कि उन्हें ज्यादा दौड़-भाग करने की जरूरत नहीं रहेगी। धोनी सीएसके के लिए इस सत्र में अबतक नहीं उतरे पाये हैं।




## रियान पराग पर भड़के श्रीकांत

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज कृष्णमाचारी श्रीकांत ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग के तरीके की आलोचना की है। श्रीकांत ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को मिली हार के लिए रियान की रणनीति को जिम्मेदार बताया है। इस मैच में रॉयल्स के बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे थे। मैच में रियान के फैसलों के साथ ही उनकी कमजोर बल्लेबाजी पर भी श्रीकांत ने सवाल उठाये हैं। उनका कहना है कि बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय कप्तान के लिए रन बनाना और भी जरुरी होता है तभी अन्य खिलाड़ी भी प्रेरित होते हैं। पराग इस सत्र में अबत एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और उनका अधिकतक स्कोर 20 रन ही रहा है। श्रीकांत ने पराग पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्हें टीम में बातें करने के लिए नहीं रखा गया है। हमेशा की तरह उन्होंने इस मैच में भी रन नहीं बनाये पर बाद में बड़ी-बड़ी बातें कीं। उसने रविन्द्र जडेजा जैसे । अनुभवी स्पिनर को भी ओवर नहीं दिया ओर तर्क दिया कि उनके सामने बाएं हाथ का बल्लेबाज था। मुझे समझ नहीं आता कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को बाएं हाथ का कोई गेंदबाज क्यों गेंदबाजी नहीं कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि टीम के गेंदबाजों का उपयोग ठीक से नहीं हुआ। तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा और रवि बिश्नोई ने काफी रन दे दिये।

# अमेरिका के बिना होर्मुज मिशन की योजना बना रहा है यूरोप : रिपोर्ट

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



यूरोपीय देश अमेरिका और ईरान के बीच एक महीने से ज्यादा समय तक चले संघर्ष के बाद होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक योजना तैयार कर रहे हैं। यूरोपीय देश यह योजना होर्मुज स्ट्रेट से बिना अमेरिका के सीधे दखल के शिपिंग को सुरक्षित करने के लिए बना रहे हैं।ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को नया रूप दिया है।

बता दें, ट्रांस-अटलांटिक अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय संघ के बीच एक रणनीतिक, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक साझेदारी है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यवस्था की आधारशिला माना जाता रहा है।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन और फ्रांस की अगुवाई में एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत लड़ाई समाप्त होने के बाद समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाया जाएगा। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस पहल में समुद्र में बिछी माइंस को हटाने के अभियान (माइन-क्लियरिंग ऑपरेशन) और नौसेना की तैनाती जैसे कदम शामिल होंगे। हालांकि, अमेरिका, इजरायल और ईरान जैसे सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल देशों को इस गठबंधन से बाहर रखा जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह मिशन डिफेंसिव होगा। यूरोपीय जहाज अमेरिकी कमांड के तहत काम नहीं करेंगे।

इसका मकसद शिपिंग कंपनियों को यह भरोसा दिलाना है कि लड़ाई रुकने के बाद वापस लौटना सुरक्षित है। यह प्लान तभी लॉन्च किया जाएगा जब शांति बहाल हो जाएगी। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा कि गठबंधन ईरान और ओमान सहित स्ट्रेट से सटे देशों के साथ सहयोग करेगा।

# यूएन न्यूक्लियर चीफ ने युद्ध खत्म करने को किसी भी डील में ईरान की सख्त जांच की अपील की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद दूसरे राउंड की बैठक को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में संघर्ष खत्म करने के उद्देश्य से होने वाले अमेरिका-ईरान समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों की सख्त और विस्तृत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रावधान शामिल किए जाने चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के डायरेक्टर जनरल राफेल ग्रॉसी ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए पूरी तरह से वेरिफिकेशन सिस्टम की जरूरत पर जोर दिया है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ अगले दो दिनों में बातचीत का दूसरा राउंड हो सकता है।

ग्रॉसी ने सियोल में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'ईरान का बहुत बड़ा न्यूक्लियर प्रोग्राम है, इसलिए इन सबके लिए आईएईए इंस्पेक्टर्स की मौजूदगी जरूरी होगी। नहीं तो, आपका कोई समझौता नहीं होगा। आपको एग्रीमेंट का भ्रम होगा।'

उनका कहना है कि न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी पर किसी भी समझौते के लिए बहुत विस्तार से वेरिफिकेशन मैकेनिज्म की जरूरत होती है। फरवरी में सदस्य देशों को भेजी गई आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने आईएईए को अपनी न्यूक्लियर फैसिलिटी तक पहुंचने की इजाजत नहीं दी है। पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे। ये संघर्ष करीब 12 दिनों तक चला था, जिसमें ईरान के कई न्यूक्लियर साइंटिस्ट मारे गए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ सीधी बातचीत का दूसरा राउंड 'अगले दो दिनों में' हो सकता है। यह एक संभावित डिप्लोमैटिक शुरूआत का संकेत है जबकि अमेरिका ईरान से जुड़े शिपिंग को टारगेट करते हुए अमेरिकी नौसेना ब्लॉकेड को आगे बढ़ा रही है।

न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बातचीत जल्द ही हो सकती है और पाकिस्तान को एक संभावित जगह बताया। उन्होंने इस्लामाबाद का जिक्र करते हुए कहा, 'अगले दो दिनों में कुछ हो सकता है, और हम वहां जाने के लिए ज्यादा तैयार हैं।' बता दें, अमेरिका और ईरान के बीच पहले राउंड की वार्ता घंटो तक चली लेकिन दोनों पक्षों के बीच कई सहमति नहीं बनी। ट्रंप ने कहा कि शुरूआती प्लान यूरोप की ओर इशारा कर रहे थे, फिर पाकिस्तान की ओर शिफ्ट हो गए। यह डिप्लोमैटिक कोशिश खाड़ी में बढ़ते तनाव के साथ हुई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि पहले 24 घंटों में ईरानी पोर्ट से कोई भी जहाज उसके ब्लॉकेड से नहीं गुजरा। छह मर्चेंट जहाजों ने अमेरिका के निर्देशों का पालन किया और ओमान की खाड़ी में ईरानी पोर्ट की ओर वापस मुड़ गए।

# ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर पहुंचे भारत, द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

ऑस्ट्रिया के फेडरल चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर बुधवार को अपने पहले आधिकारिक दौरे पर भारत पहुंचे। क्रिश्चियन स्टॉकर इस दौरे पर व्यापार, निवेश और नई तकनीक जैसे खास क्षेत्रों में आपसी संबंधों को मजबूत करने पर जोर देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'ऑस्ट्रिया के फेडरल चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर का भारत के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर गर्मजोशी से स्वागत है। एयरपोर्ट पर युवा मामले और खेल मंत्री रक्षा खडसे ने उनका स्वागत किया। भारत और ऑस्ट्रिया के बीच अच्छे और दोस्ताना संबंध हैं। चांसलर स्टॉकर के दौरे से 'बेहतर भारत-ऑस्ट्रिया पार्टनरशिप' को और बढ़ावा मिलेगा।'

स्टॉकर पहली बार चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे हैं और 2025 में ऑफिस संभालने के बाद एशिया का उनका पहला आधिकारिक दौरा है। इस दौरे के दौरान, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार, निवेश, ग्रीन टेक्नोलॉजी और जरूरी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर फोकस करते हुए कई तरह की बातचीत करेंगे। स्टॉकर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है, जिसमें वरिष्ठ मंत्री, सरकारी अधिकारी और बिजनेस लीडर शामिल हैं, जो इस दौरे के मजबूत इकोनॉमिक फोकस को दिखाता है। दोनों पक्षों से एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इनोवेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने के मौके तलाशने की उम्मीद है। यह दौरा दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक जुड़ाव के बीच हो रहा है।

## हंगरी में ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन: विक्टर ऑर्बान का 16 वर्षीय शासन समाप्त

» **बुडापेस्ट, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



हंगरी की राजनीति में 2026 के संसदीय चुनावों ने बड़ा और ऐतिहासिक परिवर्तन ला दिया है, जिसमें लंबे समय तक सत्ता में रहे प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान की सरकार का अंत हुआ है। चुनाव परिणामों में कंजरवेटिव नेता पीटर मग्यार के नेतृत्व वाली तिज्सा पार्टी ने निर्णायक जीत हासिल की। करीब 78 प्रतिशत की रिकॉर्ड मतदान दर ने चुनाव को और भी महत्वपूर्ण बनाया, जिसमें युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

2010 से सत्ता में रहे ऑर्बान ने अपनी पार्टी फिडेस के मजबूत बहुमत के आधार पर देश की राजनीतिक संरचना में कई बदलाव किए थे। उनके शासनकाल में संविधान में संशोधन हुए, न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठे और मीडिया पर सरकारी प्रभाव बढ़ने के आरोप है। आलोचकों का मानना था कि सत्ता का केंद्रीकरण हुआ और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता कमजोर हुई। इसकारण धीरे-धीरे जनता के बीच असंतोष बढ़ता गया। इस असंतोष का मुख्य कारण आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी रहीं। बढ़ती महंगाई, रोजगार के सीमित मौके और सार्वजनिक सेवाओं जैसे स्वास्थ्य व शिक्षा की खराब स्थिति ने लोगों की नाराजगी को बढ़ाया। साथ ही भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोपों ने सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाया।

# होर्मुज पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका से दूरी बनाने लगे सहयोगी देश

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**



मध्य-पूर्व के अहम समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर वैश्विक तनाव गहराता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ाने और हमले की धमकी देने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असहमति के स्वर तेज हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी जहाजों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से कड़े नियंत्रण लागू किए हैं। हालांकि, इस कदम को लेकर अमेरिका को अपने सहयोगी देशों का अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया है। ब्रिटेन, जापान और अन्य सहयोगी देशों ने ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने स्पष्ट किया कि उनका देश किसी भी स्थिति में ईरान के साथ युद्ध में शामिल नहीं होगा।

# मध्य-पूर्व का संघर्ष वैश्विक विकास के लिए खतरा, मुद्रास्फीति की आशंकाएं बढ़ीं

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 अप्रैल।**

मध्य पूर्व में जारी युद्ध का असर अब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चेतावनी दी है कि यह संघर्ष वैश्विक आर्थिक विकास को धीमा कर सकता है और महंगाई को बढ़ा सकता है। ऊर्जा बाजार और व्यापार आपूर्ति में आ रही बाधाओं ने हालात को और जटिल बना दिया है।



आईएमएफ के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर बो ली ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को 'असाधारण अनिश्चितता' में डाल दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब लगभग सभी संभावनाएं 'ऊंची कीमतें और धीमी विकास दर' की ओर इशारा कर रही हैं। इस युद्ध का असर सबसे ज्यादा मध्य पूर्व और उसके आसपास के देशों पर पड़ रहा है। बो ली के मुताबिक, जो देश सीधे इस संघर्ष से प्रभावित हैं, उनकी अर्थव्यवस्था निकट और मध्यम अवधि में युद्ध से पहले के स्तर से नीचे ही रहेगी। उन्होंने कहा कि इसका असर हर देश पर समान नहीं है बल्कि बहुत असमान और अलग-अलग तरीके से दिख रहा है।

तेल निर्यात करने वाले देशों को उत्पादन और सप्लाई में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है जबकि आयात पर निर्भर देशों में ऊर्जा और खाद्य कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इससे आम लोगों की क्रय शक्ति घट रही है और सरकारों के बजट पर दबाव बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस-चीन संबंध वैश्विक मामलों में स्थिरता लाने में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: लावरोव

**मास्को, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि रूस और चीन के बीच संबंध वैश्विक मामलों में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक में श्री लावरोव ने कहा, 'रूस-चीन संबंध विश्व मामलों में एक स्थिरता लाने वाली भूमिका निभाते हैं। ये शेष विश्व और वैश्विक बहुसंख्यक के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, जो समस्याएं या उथल-पुथल नहीं, बल्कि सतत विकास के लिए शांत परिस्थितियां चाहते हैं। श्री लावरोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता के बीच सहयोग की बदौलत दोनों देशों के संबंध उन झटकों के प्रति उच्च लचीलापन प्रदर्शित करते हैं, जिन्होंने दुनिया को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों रूप से अपनी चपेट में ले लिया है और दुर्भाग्य से ये अंतर्विरोध तेजी से सैन्य आयाम अख्तियार कर रहे हैं। इसके अलावा, श्री लावरोव ने चीनी राष्ट्रपति को विदेश मंत्री वांग यी के साथ अपनी बातचीत और श्री पुतिन की चीन यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। श्री जिनपिंग ने भी कहा कि बदलते अंतरराष्ट्रीय परिवेश में रूस और चीन के बीच संबंध विशेष महत्व रखते हैं।

### इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 अप्रैल।** लेबनान और इजरायल ने तीन दशकों से अधिक समय के बाद अपनी पहली राजनयिक वार्ता की है, जो इजरायल और ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह समूह के बीच लड़ाई को समाप्त करने के उद्देश्य से की गई एक दुर्लभ मुलाकात है। यह जानकारी बुधवार को बीबीसी ने दी। इस वार्ता की मध्यस्थता अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की जिन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने का यह एक ऐतिहासिक अवसर था। अमेरिका ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्ष एक निश्चित समय और स्थान पर सीधी बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए हैं। इजरायल ने कहा कि वह सभी गैर-सरकारी आतंकवादी समूहों को निरस्त्र करना चाहता है जिसका मतलब हिज्बुल्लाह से है। लेबनान ने युद्धविराम और मानवीय संकट से निपटने के उपायों की मांग की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *